[Shri J. P. Javali]

the rules and regulations and are, therefore, subject to harassment. I appeal to the Government to constitute a committee to look into the problem of raw material shortage and also find ways and means to assist them in looking after the welfare of the workers by overcoming unimplementable labour laws, particularly ESI contributions, etc.

Sir, I demand immediate action to save this world famous traditional industry from its present problems. I also demand for the protection of lakhs of jobs of workers in the agarbathi industry.

**Underground accident at New Ghusick Colliery, Sripur Area**

SHRI SUNIL BASU RAY (West Bengal): Mr. Vice-Chairman, I wish to draw, through you, the attention of the Government to the serious situation arising out of accident resulting in injuries to seven workers at New Ghusick Colliery under Sripur Area, on 14-4-89.

I have received a telegram from Lakhan Bagdi the Organising Secretary, and an M.L.A. which states that "the speed of winding engine could not be checked due to failure of brake resulting in serious accident underground injuring workers at New Ghusick colliery under Sripur Area ECL on 14-4-1989 at 10.30 a.m. Workers agitated and so elicit immediate intervention and inquiry."

Sir, this is not the only accident that has taken place recently. Earlier also, on 8-4-89, an accident took place at Naba Kajora Colliery under Kajora Area. Here, the accident was of a different nature. There was in-rush of water underground up to 7th level, that is, four and five levels underground were filled with water. Though there was no casualty, it could have been a major disaster. Earlier also, on 7th April, one Jhalakhadeo Singh was killed in a serious accident at Sounda. D-Colliery in Hazaribagh.

These accidents are taking place in spite of the claims by the authorities that the number of accidents is coming down. According to latest reports from the DGMS, it seems that during the period January to October 1988, number of fatalities went up compared to their number for the same period in 1987. In 1987, 146 persons had been killed in 132 fatal accidents, and in 1988, the number went up to 152 deaths. While in 1987, there were 132 fatal accidents, in 1988, there were 139 fatal accidents. And the Eastern Coafields Ltd., under whose mismanagement the New Ghusick colliery functions, has topped the list with 37 deaths in 30 fatal accidents during the period January to October, 1988.

I demand from the Government that a full-fledged discussion should be held on this serious question because coal-raising is going up and our coal prices are going up; but safety aspect in the collieries is going down. That presents a very serious situation in the colliery areas and I request the Government to take up the matter seriously.

**Reported Nexus between smugglers and politicians**

**डा० रत्नाकर पाण्डेय** (उत्तर प्रदेश) : माननीय उपसभाध्यक्ष जी, इस सदन में कुछ दिन पहले मैंने भारत के विख्यात तस्कर हाजी मस्तान से विरोधी दल के नेता बने वी० पी० सिंह के संबंधों के विषय में चर्चा की थी और आज एक और चिन्तनीय विषय की ओर सदन का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं ।

स्मगलर्स टी पार्टी रोक्स जनता दल । आज टाइम्स आफ इण्डिया में यह खबर छपी है और उसके साथ एक फोटो भी प्रकाशित हुआ है जिसमें हमारे सदन के

माननीय सदस्य श्री सत्य प्रकाश मालवीय जी और नजीर अली, जो बहुत बड़ा तस्कर है, अजीत सिंह और अपोजिशन के यू० पी० असेम्बली के लीडर श्री सतपाल सिंह यादव का फोटो छपा हुआ है और इस समाचार में स्पष्ट कहा गया है कि 9 अप्रैल को शाहजहांपुर में नजीर अली के घर पर एक चाय पार्टी की दावत हुई जिसमें यह सभी नेता उपस्थित थे। टाइम्स आफ इण्डिया ने हमारे सदन के माननीय सदस्य श्री सत्य प्रकाश मालवीय का स्टेटमेंट भी छापा है और उसमें स्पष्ट किया है मालवीय जी ने कि मुझे वहां पर बिना मेरी जानकारी के जो अपोजिशन के लीडर हैं, सतपाल सिंह यादव, वे ले गए थे। मालवीय जी एक चरित्रवान व्यक्ति हैं, इनको मैं बहुत दिनों से जानता हूं। इन्हें वहां फंसा कर ले जाया गया। क्योंकि खुद इनकी स्टेटमेंट है। मालवीय

1 P.M. जी ने जैसा कहा स्मगलर्स के यहां फंसा कर ले जाया गया और उस दल में रहे जिसके नेता लोग इस तरह का काम करते हैं। यह स्वयं मालवीय जी और सारे सदन के लिए चिंता की बात है। इस समाचार में स्पष्ट किया गया है कि 9 तारीख को एक मीटिंग जनता दल की शाहजहांपुर में हुई। उस मीटिंग में मेनका गांधी, सतपाल सिंह यादव, मालवीय जी, वी० पी० सिंह, अजीत सिंह सभी लोग गये। नजीर अली का अपना इतिहास है और वह मेरठ से विधायक थे और लोकदल के टिकट पर चुने गये थे। माननीय अजीत सिंह के पिता जी चौधरी चरण सिंह के वह बड़े प्रिय थे। उन्होंने जब कांग्रेस का शासन बन गया और वी० पी० सिंह कांग्रेस के अध्यक्ष उत्तर प्रदेश में थे तब उनकी अध्यक्षता में कांग्रेस ज्वॉयन किया। बाद में उन पर जो छापा पड़ा काफी पोसा का सन 1976 में तो वह कांग्रेस से निकाले गये, वह वी० पी० सिंह का कार्यकाल नहीं था। यह बड़ी चिंता की बात है सदन के लिए कि हमारे सदन के सदस्यों के प्रतिकूल ऐसी टिप्पणी लिखी जाए। मेरे पास यह भी जानकारी है, जरूरत पड़ेगी तो मैं प्रस्तुत कर सकता हूं कि मीटिंग में वी० पी० सिंह ने स्वयं सब को भेजा और खुद चाये पीने नहीं गये . . . (व्यवधान)

SHRI YASHWANT SINHA (Bihar): Sir, this he cannot raise. Mr. V. P. Singh is not in this House. He cannot make any allegations against him. (*Interruptions*) This is only a news item. No such allegations can be allowed to go on record. (*Interruptions*) He can take the name of Mr. Malaviya but he cannot talk about Mr. V. P. Singh. This is not a matter of urgent public importance. He cannot hold the House to ransom. (*Interruptions*) Just because we are listening he cannot take the House for a ride. (*Interruptions*)

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): Dr. Pandey do not mention names. You can refer to it by other methods. (*Interruptions*)

SHRI ANAND SHARMA (Himachal Pradesh): Mr. Malaviya is not objecting because he knows he was duped. (*Interruptions*)

SHRI YASHWANT SINHA: He can talk about Mr. Malaviya but he cannot talk about Mr. V. P. Singh. Then we can embarrass you to no extent. (*Interruptions*)

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): I am on my legs please. (*Interruptions*) My throat is a little bit sore. Please co-operate with me. Dr. Pandey, without mentioning names, you can make your Special Mention. (*Interruptions*)

**डा० रत्नाकर पाण्डेय**: माननीय उपसभाध्यक्ष जी, इस मीटिंग का पूरा आर्गेनाइजेशन उसी स्मगलर ने किया था। (व्यवधान) बार-बार ऐसे व्यक्ति के बारे में आब्जेक्शन नहीं होना चाहिए। (व्यवधान) दल के प्रति निष्ठावान माननीय सदस्य को होना चाहिए लेकिन अगर कोई स्मगलरों से मिलकर स्मगलर के घर जाकर (व्यवधान) साजिश करता है . . . (व्यवधान)

SHRI YASHWANT SINHA: Sir, whatever he says about Mr. V. P. Singh should not be allowed to go on record.

SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN (Tamil Nadu): This is a very serious thing that they are supporting smugglers. (*Interruptions*)

**डा० रत्नाकर पाण्डेय** : मीटिंग में वह व्यक्ति मंच पर बैठा था और जिस सदस्य का नाम लेने पर जैसे बिच्छी काट जाती है उसी तरह से कुछ सदस्य खड़े हो जा रहे हैं इसलिए आपका निर्देश है बिना नाम लिये मैं कहना चाहता हूं कि मैं पूरे उत्तरदायित्व के साथ कह सकता हूं और अगर आवश्यकता होगी तो इस सदन में उपस्थित भी कर सकता हूं उन लोगों को कि*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): This will not go on record. You cannot speak about Shri Ajit Singh who is not present in the House. I will not allow that. (*Interruptions*).

**डा० रत्नाकर पाण्डेय** : मैं भारत सरकार के रेल मंत्री जी से आपके माध्यम से यह पूछना चाहता हूं कि अगर मैं झूठा हूं तो उस दिन वी०पी०सिंह का रिजर्वेशन शाहजहांपुर से दिल्ली के लिए हुआ या नहीं और वी० पी० सिंह उस ब्राउन बैग को अपनी मोटर की डिग्गी में रखकर लखनऊ लाये या नहीं? मैं यह जानना चाहता हूं . . . (**व्यवधान**)

मुझे अपनी बात कहने का मौका दीजिए। मैंने कोई असंसदीय शब्द का प्रयोग नहीं किया है। मेरे विचारों को व्यक्त करने पर अंकुश मत लगाइये। . . . (**व्यवधान**)

SHRI YASHWANT SINHA: He cannot take the name.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): I will go through the record. (*Interruptions*). You hear me.

SHRI B. SATYANARAYAN REDDY (Andhra Pradesh): You ask him not to take the name. (*Interruptions*).

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): You hear me. (*Interruptions*). I will name you, Mr. Reddy. (*Interruptions.*) You first hear me.

SHRI M. S. GURUPADASWAMY (Karnataka): May I make a mention? (*Interruptions*).

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI M. M. JACOB): You cannot threaten the Chair.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): I will go through the record, and whatever is not in the rules will not go on record. (*Interruptions*). I will name you. You are a panel Vice-Chairman. (*Interruptions*) I have said it. I am very fair. I will see the record and if necessary I will expunge it. (*Interruptions*). You cannot dictate me. I have said that I will go through the record. How many times have I to say that? (*Interruptions*). If necessary, I will expunge it. I have said it. Yes, Mr. Gurupadaswamy.

SHRI P. N. SUKUL (Uttar Pradesh): You cannot expunge it from the record here. It has appeared in the paper and...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): I have allowed the Leader of the Opposition. Please bear with me.

SHRI M. S. GURUPADASWAMY: I fail to understand...

DR. RATNAKAR PANDEY: First I will finish. Then only he can speak. Do not turn the tables. I am going to say something more.

SHRI B. SATYANARAYAN REDDY: First you ask him...

*Not recorded.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): I will name you. I am telling you, I am warning you, Mr. Satyanarayan Reddy. This is my last warning to you. You are a panel Vice-Chairman. At least you should understand it.

SHRI M. M. JACOB: Are you allowing Mr. Gurupadaswamy to speak on a point of order or is he going to associate himself with the special mention? I wanted this clarification.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): He is making a point of order. Please sit down. (*Interruptions*). I have allowed him. He is Leader of the Opposition.

SHRI M. S. GURUPADASWAMY: Sir, I am not understanding the right of a Member to make a special mention on any matter. But I fail to understand how this... ** ...(*Interruptions*)... Anyway, Sir...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): Chairman has allowed it.

SHRI M. S. GURUPADASWAMY: I am not questioning that...(*Interruptions*)

SHRI M. M. JACOB: Mr. Gurupadaswamy is questioning the authority of the Chairman...(*Interruption*)

SHRI M. S. GURUPADASWAMY: My point of order is...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): To be fair to the Chairman, I think this should not go on record. This will not go on record.

SHRI M. S. GURUPADASWAMY: I am not questioning it at all.

DR. RATNAKAR PANDEY: The honourable Member is challenging the Chairman.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): He has withdrawn those words and they are not going on record.

SHRI M. S. GURUPADASWAMY: My point of order is, whether a Member who makes a Special Mention can make use of that opportunity to cast aspersions against his own colleagues in this House and in the other House ...(*Interruptions*)

DR. RATNAKAR PANDEY: That I was repeating only...(*Interruptions*)..

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): Let me hear him. Please sit down. I am here to see.

SHRI M. S. GURUPADASWAMY: Sir,, going by your ruling, gives me an opportunity to raise such issues later on. I would like you to ponder over the issue whether a Member can cast aspersions, can malign other Members of either this House or the other House. And, in this particular case, I think my honourable friend has crossed his limits. That is why I say...(*Interrutions*)

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): I am here; I know what is going on in the House... (*Interruptions*)

SHRI M. S. GURUPADASWAMY: Are you speaking for the Chair? I want the Chair's ruling. My point is, he has crossed the limits and he is casting aspersions against other colleagues. Therefore, I would like you to ponder over this issue and give the correct decision.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): As I have understood it, and heard it, on Mr. Malaviya there are no aspersions as such ...(*Interruptions*)... Just listen to me. But I would allow Mr. Malaviya to speak, if he so desires. Please do not bring in the names of those who are not in this House and also the names of those who are in the other House. You should not bring in allegations against a person who is not here to defend himself...(*Interruptions*)... You please speak without mentioning the names.

**Not recorded.

SHRI N. K. P. SALVE (Maharashtra): Sir, I am on a point of clarification—a very important clarification. Sir we will abide by whatever your rulings are, because they are applicable to the whole House. It is very unfortunate that some of the Members are trying to defy the authority of the Chair. Sir, one thing should be clear: Do I take your ruling to mean that no aspersions can be cast by any Member this side or that side on a person who is not in this House or is a Member of the other House? If that be the ruling, Sir, does it go to the extent of prohibiting a Member from reiterating an allegation made in the paper itself? Does it go to that extent? And he spoke of the limit. Therefore, I want you to clarify it. He is not saying, "I have given this bribe." What he is saying is that a smuggler or drug pedlar has paid Rs. 5 lakhs to somebody and Rs. 11 lakhs to somebody—I am not mentioning their names.

SHRI ATAL BIHARI VAJPAYEE (Madhya Pradesh): It is not in the paper.

SHRI N. K. P. SALVE: Whether it is in the paper or not, if he is going to say... (*Interruptions*)... I am seeking the clarification from you.

SHRI N. K. P. SALVE: How will it prevent a Member? Let me tell you, at the moment, they are trying to obstruct me. It will be impossible for them. Times out of number, day in and day out, there has been character assassination against the Prime Minister and other Members. At that time, none of them...

SHRI KAMAL MORARKA (Rajasthan): They can come and defend themselves.

SHRI YASHWANT SINHA: The Prime Minister can come here and defend himself. But Mr. V. P. Singh cannot.

SHRI N. K. P. SALVE: They are barking up the wrong tree, Sir. The question is, if that is to be the ruling, then, it should be strictly followed. We have no objection. All these years, all these days there has been such absolutely malicious, invented... ...

SHRI YASHWANT SINHA: Against whom?

SHRI N. K. P. SALVE: Against the Prime Minister, against other Ministers.

SHRI KAMAL MORARKA: Mr. Salve, he can come here and defend himself.

SHRI YASHWANT SINHA: The Prime Minister can come to this House.

SHRI N. K. P. SALVE: Is Prime Minister not a Member of the other House? There should be a substantive motion. Had there not been innuendoes, had there not been wild allegations made? I am happy. You lay this down, but follow it very strictly, and they will have to abide by it.

All that Mr. Pandey is doing is, he is not making that allegation himself, but he is reiterating an allegation made against somebody by a drug-peddler giving this kind of money.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): I would like to draw the attention of the House to rule 238A about the procedure. Everybody knows it. So, if anybody wants to make allegations against any Member, then, he has to inform the Chairman.

SHRI N. K. P. SALVE: Only a Member?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): A Member.

SHRI N. K. P. SALVE: This House or that House?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): He has to inform the Chairman. The only he can do it, not otherwise.

SHRI YASHWANT SINHA: Mr. Pandey has just now made a very serious allegation against one of the Members. Will he apologise to the House for that?

DR. RATNAKAR PANDEY: No.

SHRI SANTOSH BAGRODIA (Rajasthan): No.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): That is why I have said that I would see the record. If it is like that, then, it will be expunged.

SHRI SANTOSH BAGRODIA: Was it a point of order? Tell me what is your ruling.

**डा० रत्नाकर पाण्डेय** : माननीय उपसभाध्यक्ष जी, जो उत्तर प्रदेश के अपोजीशन के नेता हैं, जो शाहजहांपुर के रहने वाले हैं...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): Dr. Pandey, there are three more Members. (*Interruptions*)

SHRI V. GOPALSAMY (Tamil Nadu): He is going out of scope of the special mention. It is not proper. (*Interruptions*)

SHRI SATYA PRAKASH MALAVIYA (Uttar Pradesh): It is not part of the special mention. Why are your allowing him?

**श्री वीरेन्द्र वर्मा** (उत्तर प्रदेश) : बावजूद आपके कहने के भी लगातार कह रहे हैं... (व्यवधान)

SHRI V. GOPALSAMY: He is going out of the scope.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): I will see the record.

**डा० रत्नाकर पाण्डेय** : ... (व्यवधान) लोकायुक्त के समक्ष उत्तर प्रदेश में चल रहे हैं। भ्रष्टाचार, अपहरण, गबन, जमीन पर कब्जा, नाजायज भवन निर्माण के केस चल रहे हैं उस अपोजीशन का नेता, हमारे जनता दल के अध्यक्ष ने बना रखा है। अजीत सिंह जी इतने माननीय सदस्य हैं लेकिन जिस तस्कर को हैरोइन कांड में कोफेपोजा में पकड़ा गया था ऐसे सदस्य के साथ मिलकर वे उनके घर में* तस्करों के पैसे से इस देश में अपोजीशन चल रहा है (व्यवधान) । यही मैं रिकार्ड कराना चाहता हूं कि तस्करों से उनके संबंध हैं।

इसलिये फाइनली, अंत में माननीय उपसभाध्यक्ष जी आपके माध्यम से इस सभापति महोदय से मांग करता हूं कि इस समाचार को जो टाइम्स आफ इंडिया के 2 मई के अंक में छपा है उससे सदन के सदस्यों और पूरे सदन की पूरी गरिमा को आघात पहुंचा है। टाइम्स आफ इंडिया के खिलाफ सदन के विशेषाधिकार हनन का प्रश्न है। इसलिये मेरी मांग है कि इस मामले को विशेषाधिकार समिति को सौंपा जाये और स्वच्छ राजनीति को कायम करने के लिये पूरे मामले की जांच कराई जाये, अगर सरकार नाम की कोई चीज है तो मेरी यह भी मांग है कि इस मामले की जांच कराई जाये।' आपके माध्यम से मैं पुनः कहना चाहता हूं कि सरकार इस मामले की पूरी जांच कराये और मेरी बात अगर गलत सिद्ध हो तो मुझे जो भी सजा देना चाहें दें। मैं सत्य कह रहा हूं और सत्य की आवाज को दबाया नहीं जा सकता है। वी०पी०सिंह अजीत सिंह और हमारे सत्यपाल ये तीनों इस राष्ट्र को खंडित करने वाले तत्व हैं और ये अपोजीशन बैठकर राष्ट्र के साथ अन्याय कर रहे हैं। धन्यवाद ।

SHRI S. S. AHLUWALIA (Bihar) Sir,...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): I will give you a chance, but because Mr. Malaviya's name has been mentioned, I am allowing him first.

**श्री सत्य प्रकाश मालवीय** : माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, जिस विषय को अभी मेरे मित्र डा० रत्नाकर पाण्डेय जी ने उठाया है मैं नहीं समझता कि यह कोई तात्कालिक सार्वजनिक महत्व का विषय था लेकिन फिर भी अनुमति द

*Not recorded.

[श्री सत्य प्रकाश मालवीय]

गई है (व्यवधान) जहां तक औचित्य का सवाल है यह एक अच्छी परिपाटी शुरू नहीं की गई है । मेरे पास चार चित्र हैं अगर आप अनुमति देंगे तो मैं कल इस सदन में प्रस्तुत करूंगा ।...*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): No, it will not go on record. It has no relevance. I will allow you to the extent of the Special Mention only. Nothing else.

**श्री सत्य प्रकाश मालवीय**: क्योंकि चित्रों की चर्चा की गई है इसलिए मैं यह निवेदन कर रहा था कि लोकसभा के चुनाव में*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): No, it will not go on record. It is irrelevant. * will not go on record. (*Interruption*)

SHRI SATYA PRAKASH MALAVIYA: You have allowed the special mention on the basis of a particular photograph.

**श्री वीरेन्द्र वर्मा**: चेयरमैन साहब भी जिम्मेदार हैं, दोनों जिम्मेदार हैं आप भी जिम्मेदर हैं... (व्यवधान)

SHRI M. M. JACOB: You have given an opportunity... (*Interruptions*)

**श्री सत्य प्रकाश मालवीय**: अगर अनुमति मिलेगी तो मैं कल कोट करूंगा (व्यवधान)

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): You can bring a special mention for this purpose. Bring it to the Chairman. If the Chairman allows it, I have no objection.

**श्री सत्य प्रकाश मालवीय**: मैं यह निवेदन कर रहा था कि डा० पाण्डेय का जो विशेष उल्लेख है उसमें टाइम्स आफ इण्डिया जिसको मैंने देखा नहीं है उसमें छपे एक चित्र की चर्चा की गई है । मैंने सिर्फ यह निवेदन किया कि इस प्रकार से गलत परिपाटी शुरू की गई है और ऐसे चित्रों का भविष्य में भी दुरुपयोग होगा । इसकी रक्षा माननीय सभापति जी को करनी चाहिये । उसी संदर्भ में (व्यवधान) ...*

SHRI M. M. JACOB: Sir, Mr. Malaviya is misusing the Special Mention. He is casting aspersions on somebody else. It cannot be permitted. He can only ask your permission on the issue that has already been raised here. He cannot give any other explanation. He should confine himself only to the issue that has been raised in this House. He should not speak on any other matter. If he wants to make an allegation against anybody else, he should bring it in proper form. There is a form. (*Interruptions*)

**डा० रत्नाकर पाण्डेय**: स्मगलरों का साथ छोड़िए । भारतीय जनतंत्र को कलंकित मत कीजिए ।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): Please sit down ...(*Interruption*)... Except Mr. Malaviya, nobody will speak.

**श्री सत्य प्रकाश मालवीय**: माननीय उपसभाध्यक्ष जी, मैं इलाहाबाद गया हुआ था... (व्यवधान)

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): His name is involved and that is why I have given him the time... (*Interruptions*)...

**श्री सत्य प्रकाश मालवीय**: आज सुबह मैं इलाहाबाद से आया और टाइम्स आफ इण्डिया में क्या छपा है इसकी मुझे जानकारी नहीं है क्योंकि मैं टाइम्स आफ इंडिया लेता भी नहीं ... (व्यवधान)

Kindly try to understand that I have not gone through today's *Times of India* newspaper.

**श्री सत्य प्रकाश मालवीय**: मैं यह निवेदन कर रहा था कि टाइम्स आफ इंडिया में क्या छपा है इसको मैंने देखा नहीं है लेकिन फिर भी... (व्यवधान)

*Not recorded

डा० रत्नाकर पाण्डेय : इसको देखकर बोलिए... (व्यवधान)

उपसभाध्यक्ष (श्री जगेश देसाई) : मेहरबानी कीजिए उनका नाम भी दिया गया है (*Interruptions*). If a Member says like that you have to believe it.

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : डा० रत्नाकर पाण्डेय जी ने जो विशेष महत्व का प्रश्न उठाया मैंने उसको सुना। 9 तारीख को शाहजहांपुर में जनता दल की ओर से एक सार्वजनिक सभा थी वह सार्वजनिक सभा वहां के किसी बहुत बड़े मैदान में थी चाहे वह कालेज का मैदान था या किसी सार्वजनिक संस्था का, मुझे याद नहीं लेकिन बहुत बड़े मैदान में सभा हुई थी। उस सार्वजनिक सभा में मैं भी गया हुआ था। हमारी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष विश्वनाथ प्रताप सिंह जी भी वहां थे... (व्यवधान)

डा० रत्नाकर पाण्डेय : इन लोगों को भेज दिया (व्यवधान) विश्वासघात किया अपने ही दल के लोगों से... (व्यवधान)

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : उस सार्वजनिक सभा में श्रीमती मेनका गांधी भी थीं, श्री अजीत सिंह जी भी थे, मैं भी था, उत्तर प्रदेश विपक्ष के नेता श्री सत्यपाल यादव और हमारी पार्टी के नेता राजेन्द्र सिंह जी भी वहां पर थे... (व्यवधान) सुकुल जी अब आप इतने अधीर क्यों हैं... (व्यवधान)

श्री ईश दत्त यादव (उत्तर प्रदेश) : आपकी पार्टी में हैं... आपकी पार्टी के मेम्बर हैं... आपकी पार्टी में ले लिये गये हैं ... (व्यवधान)

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): We must be fair to Mr. Malaviya... (*Interruptions*) ...Please cooperate with me. ...(*Interruptions*)

SHRI N. E. BALARAM (Kerala): Please control the House.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): I am doing it. I know my duties.

SHRI N. E. BALARAM: Then, please allow him to make his statement.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): You are creating trouble now. Everybody was quiet and you got up.

SHRI N. E. BALARAM: There is a limit.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): Please sit down.

SHRI N. E. BALARAM: I am ashamed of all these things.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): You are a senior Member and you should cooperate with me.

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : वहां शाहजहांपुर में जितना भी कार्यक्रम था... (व्यवधान)

उपसभाध्यक्ष (श्री जगेश देसाई) : अभी फिर आप कर रहे हैं... (व्यवधान)

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : शाहजहांपुर में जितना भी कार्यक्रम था, उसका आयोजन वहां की हमारी पार्टी के स्थानीय नेताओं और उत्तर प्रदेश के विपक्ष के नेता श्री सत्यपाल यादव ने किया था। आप भी एक राजनीतिक व्यक्ति हैं और दीर्घ आपका राजनैतिक जीवन है... (व्यवधान) जिस-जिस दल से यदि पार्टी के कार्यक्रम से हम लोग जाते हैं तो वहां के स्थानीय कार्यकर्ता या नेता जो भी कार्यक्रम तय करते हैं उस कार्यक्रम पर हम लोग जाते हैं... (व्यवधान)

श्री पशुपति नाथ सुकुल : तस्कर नेता है।

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : मैंने नहीं कहा... (व्यवधान)

वहां पर ठहराने की व्यवस्था डाक बंगले के इंस्पेक्शन हाउस में की गयी थीं। हम लोग वहां पर ठहरे। वहीं पर खाने की व्यवस्था की गयी थी और उसके बाद शाम को पब्लिक मीटिंग थी। पब्लिक मीटिंग के ठीक बाद किसी एक स्थान में वहां प्रेस कान्फ्रेंस हुई; प्रेस कानफ्रेंस में हम सब लोग थे।

[श्री सत्य प्रकाश मालवीय]
इसके बाद दो-तीन स्थानों में वहां पर चाय की व्यवस्था की गई थी और... (व्यवधान)

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (कुमारी सरोज खापर्डे):** किसके घर चाय की व्यवस्था थी ?

**श्री सत्य प्रकाश मालवीय:** ...और यह सही है कि जिस स्थान पर, कहा जाता है कि मैं चाय पीने के लिए गया, वहां मैं चाय पीने के लिए गया था क्योंकि उस कार्यक्रम को हमारे वहां के स्थानीय नेता ने रखा था। वहां पर चाय पीकर हम लोग लौट आए और उसके बाद जब दिल्ली चले आए, तो उसके दो-तीन दिन बाद मुझको यह जानकारी हुई कि वह कोई मि० नाजिर अली हैं, जिनके यहां चाय की व्यवस्था की गई थी।... (व्यवधान)

**श्री पशुपति नाथ सुकुल:** वह तस्करों का... (व्यवधान)

**श्री सत्य प्रकाश मालवीय:** आप तो हमारे साथ लखनऊ में थे, आप तो सब जानते हैं। मैं यह निवेदन कर रहा था कि दो-तीन दिन बाद मुझको जानकारी हुई।

**श्री ईश दत्त यादव:** आपकी पार्टी तो तस्करों पर जिंदा है, काहे के लिए चिंता कर रहे हैं।

**श्री सत्य प्रकाश मालवीय:** उनके बाद टाइम्स आफ इंडिया के एक संवाददाता महोदय--मुझे नाम तो याद नहीं है--जहां तक ख्याल है कोई मि० मलिंद सेनगुप्ता, या इन्द्र सेनगुप्ता--वह मुझसे मिले और उन्होंने मुझे चित्र भी दिखलाया। तो मैंने कहा कि बिल्कुल ठीक है, मैं वहां चाय पर भी गया था और स्थानीय नेता भी हमारे, उस वक्त हमारे साथ चाय पर थे। यह नाजिर अली वही व्यक्ति है जोकि उत्तर प्रदेश में 1980 से विधान सभा के सदस्य थे। शाहजहांपुर का एक क्षेत्र है घघरौल--क्योंकि मैंने थोड़ी इनकी तफर्शीश भी की, तो शाहजहांपुर के घघरौल क्षेत्र से 1980-85 के बीच यह विधान सभा सदस्य थे और उस वक्त जो इनकी पार्टी थी--जनता सेक्युलर, चरण सिंह की पार्टी के टिकट पर वह चुन कर आए थे। उनके बाद कहा यह जाता है कि उत्तर प्रदेश का जो विधायक निवास है--दारूल शफा, वहां से उनके यहां से हशीश बरामद हुई और जैसे ही हमारी पार्टी के नेता चौधरी चरण सिंह जी को यह पता चला तो नाजिर अली को अपनी पार्टी से निकाल दिया, निलंबित नहीं किया, छह साल के लिए उसको निष्कासित कर दिया। जब निष्कासित कर दिया--तो चौधरी साहब तो उनको केवल अपने दल से निष्कासित कर सकते थे, उस समय एंटी-डिफैक्शन लॉ नहीं था, लेकिन तब की कांग्रेस पार्टी जिसकी अध्यक्ष दिल्ली में, श्रीमती इंदिरा गांधी थीं... (व्यवधान) उसी पार्टी की आल-इंडिया सदस्यता उन्होंने उसे दी ... (व्यवधान)

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): I am on my legs. Please sit down. (*Interruptions*)...

**श्री सत्य प्रकाश मालवीय:** मैं यह निवेदन कर रहा था कि उस समय एंटि-डिफैक्शन ला नहीं था। चौधरी चरण सिंह साहब ने जो हमारे दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष थे, उन्होंने उसे अपने दल से निष्कासित कर दिया। किसी भी पार्टी की सदस्यता अखिल भारतीय सदस्यता होती है, उत्तर प्रदेश की, इलाहाबाद की, लखनऊ की, या मध्य प्रदेश की सदस्यता नहीं होती, लेकिन जैसे ही चौधरी चरण सिंह जी ने नाजिर अली को अपने दल की प्राथमिक सदस्यता से छह वर्ष के लिए निष्कासित कर दिया, तत्कालीन प्रधान मंत्री, कांग्रेस पार्टी की अध्यक्ष, श्रीमती इन्दिरा गांधी ने उनको अपने दल में शरण दे दी। .... (व्यवधान)

SHRI M. S. GURUPADASWAMY: Those who want to give us should also learn to take it back. (*Interruption*)...Sir, if Members join the Congress party, they get purified.

उप-सभाध्यक्ष (श्री जगेश देसाई) : आप बैठ जाइये, आप बैठ जाइये ।... (व्यवधान)

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : माननीय उप सभाध्यक्ष जी, मैं यह कह रहा था कि मेरा एक निष्कलंक सार्वजनिक जीवन है । मैं इलाहाबाद कार्पोरेशन का सभासद था, इलाहाबाद कार्पोरेशन का मैं मेयर था जहां के चेयरमैन के चुनाव में श्री जवाहर लाल नेहरू इलाहाबाद में चुनाव हार चुके हैं । इलाहाबाद म्युनिसिपल बोर्ड के चेयरमैन के चुनाव में पंडित जवाहरलाल नेहरू चुनाव हार चुके हैं ।... (व्यवधान) जरा सुनिए । मैं बता रहा हूं कि उस कार्पोरेशन में मेयर था । मैं दो बार इलाहाबाद से उत्तर प्रदेश विधान सभा का सदस्य रह चुका हूं और चौधरी चरण सिंह जब दिल्ली चले आए तब यहां गृह मंत्री हो गए तो उत्तर प्रदेश विधान सभा में मैं विपक्ष का नेता था और जब बनारसी दास वहां के मुख्य मंत्री थे, उस समय उत्तर प्रदेश विधान परिषद में मैं विधान परिषद का नेता था । मैं राजनीतिक दलों में दो बहुत ही महत्वपूर्ण पदों पर रहा चुका हूं । मैंने तो इस बात को पूरी जिम्मेदारी से स्वीकार किया है कि मैं नाजिर अली के यहां चाय पीने के लिए गया, लेकिन किन परिस्थितियों में मैं गया वह मैं स्पष्ट कर चुका हूं और मैं समझता हू कि जिन परिस्थितियों मे मैं वहां पर गया वहां जा करके मैंने कोई भी गलत काम नहीं किया है ।

उपसभाध्यक्ष (श्री जगेश देसाई) : श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया, सिर्फ एक मिनट ।

श्री सुरेन्द्र जीत सिंह अहलुवालिया : उप-सभाध्यक्ष महोदय, हमारे मित्र संसद सदस्य श्री रत्नाकर पाण्डेय जी ने जो सवाल उठाया है मैं उन आरोपों का पूर्ण समर्थन करते हुए... (व्यवधान)

श्री ईश दत्त यादव : इनको कैसे एलाउ कर दिया है ?... (व्यवधान)

श्री सुरेन्द्र जीत सिंह अहलुवालिया : वाइस चेयरमैन की परमिशन से मैं बोल रहा हूं । मैं सिर्फ इतना बताना चाहता हूं मैं अपनी बात कोई नहीं करना चाहता, मैं सिर्फ एस०पी० मालवीय जिन्होंने अभी कहा कि टाइम्स आफ इंडिया का एक पत्रकार उन्हें मिला था और उन्होंने उसको इन्टरव्यू में जो कुछ चीज बताई थीं उन्होंने उसकी व्याख्या की है । उसके साथ मैं जरा थोड़ा सा उनको याद दिलाना चाहता हूं कि ये चीज, उन्होंने कहीं थीं उन्होंने कहा :

"Mr. Malaviya volunteered some information on Nazir Ali. Ali, he said, was elected on the Janata (S) Charan Singh ticket to the UP assembly from Dadraul in 1980."

(*Interruptions*)

I am confirming his statement. (*Interruptions*).

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : मेरा व्यवस्था का प्रश्न है ।... (व्यवधान) मेरा व्यवस्था का प्रश्न यह है कि एक विषय पर एक चीज को लाया गया... (व्यवधान)

कुमारी सईदा खातून (मध्य प्रदेश) : यह चेयरमैन को चैलेंज कर रहे हैं ।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): Now I am the Chairman here.

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : मेरा प्रश्न यह है कि मुझको यह जानकारी नहीं थी कि उसमें डा० रत्नाकर पाण्डेय के स्पैशल मेंशन के साथ एसोसिएट भी करना है । मेरे स्पष्टीकरण के पहले या मुझे बुलाने के पहले आपका यह कर्तव्य था, दायित्व था कि आप अहलुवालिया जी को बुलाते लेकिन अब चूंकि मैं स्पष्टीकरण दे चुका हूं तो मेरा आपसे निवेदन यह है कि श्री अहलुवालिया से आप कहिए... (व्यवधान) आप अपनी व्यवस्था कीजिए कि वह केवल एक वाक्य में जैसा कि आप अकसर करते हैं और आज भी कहा, राम चन्द्र विकल जी के स्पैशल मेंशन में कहा था कि केवल आप सम्बद्ध कर दें, लेकिन अब वह टाइम्स आफ इंडिया पढ़ें, मेरा आपसे निवेदन है कि इसकी अप

[श्री सत्य प्रकाश मालवीय]

अनुमति मत दीजिए, आप कहिए कि सिर्फ उससे सम्बद्ध कर दें और उसके बाद अपना स्थान ग्रहण कर लें।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): On the contrary, I thought I should give a chance to Malaviyaji because his name was there. So I have given a chance. There are two more names, Mr. Ahluwalia and Mr. Rajni Ranjan Sahu, for associating. It is permitted by the Chairman.

SHRI KAMAL MORARKA: If you allow him and others like this, then Mr. Malaviya should again be allowed a chance to give his clarification. Whatever allegations are made against him, he should be allowed a chance again to reply.

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलूवालिया: उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं यह पूरा नहीं पढ़ता, टाइम कम है आप लोगों के पास। महोदय, यह एक अहम मुद्दा है, इस मुल्क की राजनीति को किस तरह से पोल्यूट करने की कोशिश चल रही है, उसके बारे में विचार-विमर्श करने की जरूरत है और आप सिर्फ एक मिनट की अंगुली दिखाते हैं। यहां मालवीय जी कहते हैं—

"Mr. Malaviya pointed out that Mr. V. P. Singh was the UPCC president when Ali joined the Congress. Soon afterwards, Mr. V. P. Singh became the Chief Minister. 'He should have known Nazir Ali and informed us of his background.'"

यह एक्यूज कर रहे हैं वी०पी० सिंह को, कि साहब उनको बताना चाहिए था, जो नहीं बताया। उसके बाद कहते हैं—

"Subsequently, Ali was expelled from the Congress."

और अभी-अभी मालवीय जी ने जो कहा। ...(व्यवधान)... आप जरा ध्यान से सुनिए। आपने अपना वक्तव्य रखा, मैं चुपचाप सुनता रहा। मैं जवाब दे रहा हूं आपको। मैं पाइंट पर ही बोल रहा हूं।

उसके बाद अभी मालवीय जी ने कहा कि हमारी लोकल शाखा ने वहां प्रोग्राम आर्गेनाइज किया था। अभी यह कह रहे थे कि जब उस पार्टी की नेता दिल्ली में इंदिरा गांधी थी। आज उस पार्टी का नेता दिल्ली में जनता दल का नेता वी०पी० सिंह है, जिस पार्टी का सदस्य नाजिर अली है। उस नाजिर अली के घर में जब यह दावत हो रही थी और जब इसने उस शाहजहांपुर में जितनी जनता दल की मीटिंगें हुई उसके लिए पैसा दिया उसके लिए आदमी बुलाए, ट्रक भर भाड़े में लाए...(व्यवधान)... आप इसको कैसे रोक सकते हैं?... (व्यवधान)...

SHRI SATYA PRAKASH MALAVIYA: This is an allegation.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): This is a newspaper report.

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया: उपसभाध्यक्ष महोदय, यह रिपोर्ट के माध्यम से आ रही बातें हैं। मैं बताता हूं, इन्होंने खुद कहा कि एम०एल०एज० होस्टल में उसके घर से हेरोइन निकली थी, हेरोईन के स्मगलरों को रोकने वाला नारकोटिक्स बोर्ड जो है वह फाइनेंस मिनिस्टरी के अंदर आता है और उस वक्त का वित्त मंत्री कौन था? यह वी०पी० सिंह था, जिस वी०पी० सिंह ने सिर्फ वित्त मंत्रालय में मंत्री रहने के बाद उससे घूस नहीं लिया और इसके साथ.... (व्यवधान).....

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): Don't record interruptions.

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया: महोदय, आज सिर्फ यही आरोप नहीं हैं। कुछ दिन पहले हाजी मस्तान ने जो यह बात कही थी कि तन-मन-धन देकर हम लोगों ने तुम्हारी पार्टी को जिताया है। महोदय, इतना ही नहीं, इसके पहले! *

---

*Expunged as ordered by the Chair.

फिर इमीजिएट हुरी पट्टियां बनवा कर ले गए !* आज यह बड़ी बड़ी बातें करते हैं । यह इंकार करें कि यह इनका सदस्य नहीं है । यह इंकार करें कि इनको सदस्यता जनता दल के सभापति ने नहीं दी है । इन्होंने अपने मुंह से स्वीकार किया है कि किसी भी दल की संस्था को जनता का सदस्य बनने के लिए दिल्ली से सदस्यता उसको दी जाती है ।

**श्री रजनी रंजन साहू (बिहार) :** उपसभाध्यक्ष जी, डा० रत्नाकर पाण्डेय जी ने जो अभी विशेष उल्लेख के द्वारा सदन का ध्यान आकर्षित किया है, मैं उसका समर्थन करता हूं । साथ ही निवेदन करना चाहता हूं अपने मित्रों से कि सामाजिक मूल्यों को देखते हुए ऐसे तस्करों के साथ अपनी सांठगांठ करके अपने राजनीतिक जीवन को बढ़ाने की कोशिश न करें बल्कि एक अच्छे मूल्य पर, एक आदर्श के साथ अपना राजनीतिक जीवन बढ़ाएं और राजनीतिक पार्टी को बढ़ाएं । न तो उनके पैसे पर और न ही उनके आदर्शों पर चलें । यही मेरा निवेदन है ।

इसके साथ ही साथ मैं यह भी मांग करता हूं कि टाइम्स आफ इंडिया में जो यह फोटो छपा है, जो यह तस्वीर छपी है, इसके लिए मैंने एक विशेषाधिकार का आवेदन अलग से दिया है, उस पर आप गंभीरता से विचार करें और जिन मुद्दों को यहां रखा गया है, उसकी भी आप जांच कराएं । धन्यवाद ।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI) The House now stands adjourned for lunch and will meet again at 2.45 P.M.

The House then adjourned for lunch at fortyfive minutes past one of the clock.

---

The House reassembled after lunch at forty-eight minutes past two of the clock, the **Vice-Chairman (Shri Jagesh Desai)** in the Chair.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): Now, Mr. Shiv Pratap Mishra.

**SPECIAL MENTIONS—Contd.**

**Imported CAT scanner lying unused in the Jayaprakash Narayan Hospital in Delhi**

**SHRI SHIV PRATAP MISHRA** (Uttar Pradesh): Mr. Vice-Chairman, Sir, I want to bring to the notice of the Government and this august House through you the plight and suffering of the people of the country who are not getting any aid from the CAT scanner lying without being used in the J. P. Hospital in Delhi.

Sir, the Government Departments seem to act in a very strange manner that it is like just putting the cart before the horse. In this connection, I want to draw the attention of the Government to the import of a CAT scanner from Japan at the cost of millions of rupees some seven months ago and its installation in the Lok Nayak Jayaprakash Narayan Hospital. The equipment was imported without having trained personnels to use it properly. This is a very sorry state of affairs. It is also reported that the scanner is defective and a particular part which was required was not available for a long time.

Sir, the equipment is very useful for the diagnosis of head injuries and diseases. But it is lying without being used properly. Dr. Kakkar, the Superintendent of the Hospital said that out of three thousand patients, at least two thousand five hundred patients need the aid of the scanner. I request the Government through you, Sir, to take early steps for the proper use of this CAT scanner which has been imported from Japan and which will be very useful in the diagnosis of head injuries and other diseases of the patients. Thank you, Sir.

---

*Expunged as ordered by the Chair.